आकाशवाणी केन्द्र शिमला

11.01.2026 / प्रादेशिक समाचार / 09.20बजे

''आज के मुख्य समाचार''

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज गुजरात में सोमनाथ मंदिर की रक्षा में प्राणों की आहूति देने वालों के सम्मान में आयोजित शौर्य यात्रा में लेंगे भाग।
- तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने हिमाचल प्रदेश को भूकंपीय जोन'–6 के अंतर्गत नए पैमाने में आर्थिक सहायता देने का केंद्र से किया आग्रह।
- किन्नौर जिला में मुख्यमंत्री मधु विकास योजना बागवानों के लिए बनी वरदान।
- प्रधानमंत्री के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के लिए अब तक 4 करोड़ से अधिक पंजीकरण
- राज्य में शीत लहर का प्रकोप जारी–मौसम विभाग ने 16 जनवरी तक प्रदेश में मौसम के साफ रहने का पूर्वानुमान जताया।

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुजरात के तीन दिन के दौरे में आज ऐतिहासिक सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में भाग लेंगे। वर्ष 1026 में सोमनाथ मंदिर पर पहले हमले के एक हजार वर्ष और आजादी के बाद 1951 में इसके पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूरे होने पर इसका आयोजन किया गया है। प्रधानमंत्री मंदिर की रक्षा में प्राणों की आहुति देने वालों के सम्मान में आयोजित शौर्य यात्रा में भाग लेंगे। वे सोमनाथ मंदिर में पूजा–अर्चना करेंगे। इसके बाद सोमनाथ में जनसभा को भी सम्बोधित करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री राजकोट में जीवंत गुजरात क्षेत्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। कल शाम सोमनाथ पहुंचने पर प्रधानमंत्री ने ओंकार मंत्र पाठ में भाग लिया और मंदिर परिसर में आयोजित ड्रोन–शो देखा। इन ऐतिहासिक समारोहों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग ले रहे हैं।

प्रल्हाद जोशी

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा कि भारत के स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र ने वर्ष 2025 में उल्लेखनीय वृद्धि हासिल की है, जिसमें गैर–जीवाश्म ईंधन की स्थापित क्षमता बढ़कर दो सौ 66 दशमलव सात–आठ गीगावाट हो गई है। सोशल मीडिया पोस्ट में ऊर्जा मंत्री ने कहा कि यह वृद्धि वर्ष 2024 की तुलना में 22 दशमलव छह प्रतिशत अधिक है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 के दौरान 49

गीगावाट से अधिक नई गैर–जीवाश्म क्षमता जोड़ी गई। उन्होंने कहा कि यह भारत को ऊर्जा सुरक्षा, जलवायु संबंधी जिम्मेदारी और आत्मनिर्भर हरित अर्थव्यवस्था की दिशा में आगे बढ़ने में मदद करता है, क्योंकि देश वर्ष 2030 तक 500 गीगावाट गैर–जीवाष्म ऊर्जा क्षमता के राष्ट्रीय लक्ष्य की ओर लगातार प्रगति कर रहा है।

धर्माणी

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कल नई दिल्ली में राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के साथ बजट पूर्व परामर्श बैठक की। राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के वित्त मंत्रियों और अन्य मंत्रियों ने भी बैठक में भाग लिया। प्रदेश की ओर से तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने बैठक में भाग लिया। इस अवसर पर राजेश धर्माणी ने हिमाचल प्रदेश को भूकंपीय जोन छह के अंतर्गत केन्द्र सरकार से नए मापदंड में आर्थिक सहायता देने का आग्रह किया है। उन्होंने प्रदेश के लिए राजस्व घाटा अनुदान को पांच साल की औसत निकालकर जारी करने का आग्रह किया। धर्माणी ने केन्द्र से पहाड़ी राज्यों के लिए अलग से नियम बनाने का आग्रह भी किया। इसके अलावा उन्होंने बीबीएमबी के प्रोजेक्टों में हिमाचल की हिस्सेदारी का मामला और पडोसी राज्यों से इसका बकाया दिलाने की मांग भी उठाई।

मधु विकास योजना

किन्नौर जिला में मुख्यमंत्री मधु विकास योजना बागवानों के लिए वरदान साबित हो रही है। इस योजना के तहत मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देकर न केवल शहद उत्पादन बढ़ाया जा रहा है, बल्कि सेब सहित अन्य फलों की फसलों की पैदावार में भी उल्लेखनीय वृद्धि हो रही है।

विश्‍व पुस्तक मेला

53वां विश्‍व पुस्तक मेला नई दिल्ली के भारत मंडपम में शुरू हो गया है। मेले में देश–विदेश के लेखकों, प्रकाशकों, पाठकों और सांस्कृतिक प्रतिनिधियों को एक मंच पर आने का अवसर मिलेगा।

परीक्षा पे चर्चा

इस वर्ष प्रधानमंत्री के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के लिए अब तक चार करोड़ से अधिक पंजीकरण हो चुके हैं। यह आंकड़ा पिछले वर्ष तीन करोड़ 56 लाख के गिनिज वर्ल्ड रिकॉड्र्स को पार कर चुका है। केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने बताया कि यह पहल वार्षिक संवाद कार्यक्रम से आगे बढ़कर विद्यार्थियों के लिए परीक्षा का तनाव दूर करने का राष्ट्रव्यापी आंदोलन बन चुका है।

शिक्षा मंत्री ने विद्यार्थियों से कार्यक्रम में भाग लेकर प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन का लाभ उठाने को कहा। इस वर्ष के लिए पंजीकरण एक दिसम्बर, 2025 से शुरू हो चुका है।

सोशल मिडिया प्लेटफॉर्म

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स ने अपनी गलती मानते हुए कंटेट मॉडरेशन यानी सामग्री प्रबंधन मानकों में त्रुटि की बात स्वीकार की है। सरकारी सूत्रों ने बताया कि कम्पनी ने व्यवहार्य विधानों और विनियमों के अनुरूप काम करने का वादा किया है। एक्स प्लेटॅफॉर्म पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से विकसित सामग्री सहित अश्लील और आपत्तिजनक सामग्री आने के बाद यह मुद्दा उठा था। छानबीन के बाद लगभग 35 हजार सामग्री ब्लॉक की गयी और छह सौ से अधिक अकाउंट डिलीट कर दिए गए है। एक्स ने कहा कि वह अब अपने प्लेटफॉर्म पर किसी अश्लील सामग्री की अनुमति नहीं देगा।

<u>मौसम</u>

प्रदेश में शीतलहर का प्रकोप जारी है। पहाड़ों से लेकर मैदानी क्षेत्रों तक ठंड से लोग खासे परेशान है। प्रदेश के 12 स्थानों का न्यूनतम तापमान माइनस में दर्ज किया जा रहा है। प्रदेश में बारिश व बर्फबारी न होने के बावजूद उपरी क्षेत्रों में प्राकृतिक जल स्रोत जमना शुरू हो गए हैं। वहीं कोहरे और धुंध के कारण कई ट्रेनें लेट चल रही हैं। मौसम विभाग ने 16 जनवरी तक बारिश व बर्फबारी न होने का पूर्वानुमान जताया है।

और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से......

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है।

अमर उजाला का शीर्षक है–हिमाचल भूकंपीय जोन 6 में इसी हिसाब से मदद दे केंद्र–तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने नई दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री के साथ बैठक में उठाया मामला। हिमाचल दस्तक के शब्द हैं–पंचायती राज चुनाव पर चर्चा कल–सीएम करेंगे अधिकारियों से बैठक। पंजाब केसरी की सुर्खी है–संजौली में निर्माणाधीन टनल से घरों में दरारे, आधी रात खाली करवाएं घर, रातभर सड़क पर बैठे रहे लोग।

<u>''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर ''</u>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज गुजरात में सोमनाथ मंदिर की रक्षा में प्राणों की आहूति देने वालों के सम्मान में आयोजित शौर्य यात्रा में लेंगे भाग।

- तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने हिमाचल प्रदेश को भूकंपीय जोन'–6 के अंतर्गत नए पैमाने में आर्थिक सहायता देने का केंद्र से किया आग्रह।

- किन्नौर जिला में मुख्यमंत्री मधु विकास योजना बागवानों के लिए बनी वरदान।

- प्रधानमंत्री के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के लिए अब तक 4 करोड़ से अधिक पंजीकरण

- राज्य में शीत लहर का प्रकोप जारी–मौसम विभाग ने 16 जनवरी तक प्रदेश में मौसम के साफ रहने का पूर्वानुमान जताया।